संख्या:174/2016/730/35-4-2016

प्रेषक,

अबरार अहमद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 10 मई,2016

विषय : वर्ष 2016-17 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद कानपुर देहात में शासनादेश संख्या-113/2015/379/35-4-2015 दिनांक 19 मार्च,2015 के द्वारा 05 कार्यों की रू. 1323.89 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में रू.661.94 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। जिलाधिकारी, कानपुर देहात के पत्र संख्या-52/1ए दिनांक 11 जनवरी,2016 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 05 कार्यों में से 04 कार्यों हेतु तकनीकी स्वीकृत लागत रू. 922.62 लाख इंगित करते हुये प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त रू. 475.73 लाख की धनराशि का पूर्ण उपयोग होना इंगित किया गया है। एतदद्वारा उपर्युक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित 04 कार्यो की अनुमोदित लागत रू. 951.46 लाख को रू. 922.62 लाख की तकनीकी स्वीकृत लागत पर पुनरीक्षित प्रशासनिक एवं वि□त्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त रू. 475.73 लाख की धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि रू. 446.89 लाख (रूपये चार करोड़ छियालीस लाख नवासी हजार मात्र) को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(लाख रू. में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	अनुमोदित पुनरीक्षित लागत	अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त की जा रही धनराशि
1	मोतीपुरवा से जोत होते हुए उसरी सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण का कार्य	233.99	226.77	116.99	109.78
2	रसूलाबाद झीझक मार्ग से नमस्ते इण्डिया के पास से सुजानपुर ताजपुर होते हुए गीतापुरवा एवं नारामऊ रामपुर तक नव निर्माण का कार्य	339.01	326.61	169.51	157.10
3	बिल्हौर मकनपुर बिसधन मार्ग से खालेगॉव सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण का कार्य	182.99	177.62	91.49	86.13
4	रसूलाबाद बिसधन मार्ग से सिकन्दरपुर से लदपुरवा होते हुए लदपुरवा आश्रम सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण का कार्य	195.47	191.62	97.74	93.88
	योग योग	**951.46**	**922.62**	**475.73**	**446.89**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 19 मार्च,2015 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

2- इस शासनादेश से उक्त कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति के अनुसार अनुमोदित पुनरीक्षित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही अवशेष धनराशि आहरित कर बैंक/डाकघर/ पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आहरित कर डिपाजिट कार्यों के रूप में कार्यदायी विभाग-द्वारा रेमिटेन्स लेखाशीर्ष "8782" के अन्तर्गत-सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-47/दस-97-10(9)/95, दिनांक 3 मार्च, 1997 में दिये गये निर्देशों के अनुसार डिपाजिट क्रेडिट लिमिट (डी0सी0एल0) निर्गत करके व्यय की जायेगी।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2017 से पूर्व समर्पित किया जायेगा । स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा- जोखा 31 मार्च, 2017 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

5- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2017 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

6- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा सम्परीक्षित लेखे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-03-ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

संख्या:174/2016/730(1)/35-4-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण ।
4- प्रमुख सचिव, वित्त।
5- निजी सचिव, मा.मुख्य मंत्री जी ।
6- मण्डलायुक्त, कानपुर।
7- जिलाधिकारी, कानपुर देहात।
8- मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर देहात।
9- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर देहात।
10-गार्ड फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर देहात।

आज्ञा से ,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

http://prasanadesh.up.nic.in